RAF SECTOR
NEWS CLIP
09/03/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik jagaran , Prayagraj (U.P)

आरएएफ में मनाया गया महिला दिवस

जासं, प्रयागराज : शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) परिसर में महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि एमएसएमई की पूर्व सहायक निदेशक व सलाहकार डा. विभा मिश्रा ने कहा कि समाज की बेहतरी के लिए पुरुष और महिला दोनों का समान योगदान है। कावा अध्यक्ष सुनीता निगम ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा। इस मौके पर कमांडेंट आरके निगम, सीएमओ डा. केके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार आदि उपस्थिति रहे।

Hindustan,Meerut (U.P)

महिलाओं ने किया आरएएफ कार्यालय का उद्घाटन

मेरठ : महिला दिवस के मौके पर आरएएफ लोक व्यवस्था अकादमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संध्या सिंह पत्नी उप महानिरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों व कर्मियों की पत्नियों को बुलाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने महिलाओं को निडर होकर समाज में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि समाज के विकास में महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चहिए। उन्होंने आरएएफ लोक व्यवस्था अकादमी में बने कार्यालय का उद्घाटन महिलाओं से कराया।

Hindustan , Prayagraj (U.P)

महिला एवं पुरुष दोनों के सहयोग से राष्ट्र का विकास संभव

फाफामऊ। महिला एवं पुरुष दोनों के सहयोग से राष्ट्र का विकास संभव है। एक दूसरे को नीचा दिखाने की बजाए दोनों आपस में मिलकर कार्य करें। उक्त बातें आरएएफ 101 बटालियन शान्तिपुरम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए एमएसएमई की पूर्व सहायक निदेशक डॉ विभा मिश्रा ने कही। कावा. अध्यक्षा ने कहा कि जीवन की बाधाओं को दूर करके ही महिलाएं आगे बढ सकती हैं। दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वन्दना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कमानडेंट आरके निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी केके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व महिला कर्मी मौजूद रही। इसी के साथ अन्य इलाकों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संवाद

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।